EDUCATION NOTES

VIDYANAND, NAMITA ELECTED PREZ, SECY

Vidyanand Sharma and Professor Namita Khgata have been elected president and secretary, respectively, of the Parent-Teachers Association of Government College, Sanjauli. Sushila Sharma, Professor Hemlata Sharma and Ajau Kayath have been selected vice-president, joint secretary and treasurer, respectively.

वीएन शर्मा संजौली कॉलेज के पीटीए अध्यक्ष नियुक्त

शिमला। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस पीजी कॉलेज संजौली की पीटीए की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर वीएन शर्मा को प्रधान चुना गया।

इनके अलावा सुशीला शर्मा उपप्रधान, प्रो. नमिता खागटा सचिव, प्रो. हेमलता शर्मा सह सचिव, डॉ. अजय कायथ कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में कमलजीत कौर, नरेंद्र कौशल, मंजुला शर्मा, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. ओपी कौल को सदस्य चुना गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम सभा में शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर कॉलेज की विकासात्मक गतिविधियों के साथ युवाओं को गलत संगत से बचाने जैसे मुद्दों पर बैठक में चरचा की। प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने कहा कि वह भी अपने बच्चे की हर गतिविधि और उसके व्यवहार में आने वाले बदलाव पर नजर रखें। इससे बच्चे नशे जैसी गलत आदतों से दूर रहेंगे। अभिभावक माह में एक बार कॉलेज आकर शिक्षकों से जरूर मिलें। ब्यूरो